**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय पशुपालन, जयपुर**
**पशुधन भवन, टोंक रोड़, जयपुर, राजस्थान–302015**
director.ahd@rajasthan.gov.in **दूरभाष–नं: 0141–2743331**

---

क्रमांक एफ.वी.9(1)(4)(19)स्था / ब / सं.ब. / पशु.निरी. / भर्ती / 2024 / 12665 जयपुर, दिनांक 31.10.2025

**<u>आदेश</u>**

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के द्वारा पशुधन निरीक्षक सीधी भर्ती– 2024 का दिनांक 17.10.2025 को प्राप्तांको के आधार पर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का परिणाम जारी कर वरीयता सूची विभाग को प्रेषित की है। उक्त वरीयता सूची में से बोर्ड द्वारा विज्ञापित वर्गवार रिक्त पदों के 02 गुणा अभ्यर्थियों को ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Scrutiny Form) भरवाये जाकर तथा पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिए सूचीबद्ध किया गया है। उक्त सूची पूर्णतया अस्थाई अनन्तिम (Purely Provisional) है। पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के पश्चात पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से रिक्त पदों के अनुसार वरीयता के आधार पर श्रेणीवार अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

**सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 10.11.2025 से दिनांक 28.11.2025 तक प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक पशुधन परिसर, गांधी नगर मोड़, टोंक रोड़, जयपुर** में किया जावेगा। सूचीबद्ध अभ्यर्थी पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन हेतु उनके रोल नम्बर के आगे अंकित निर्धारित दिनांक, समय एवं दल के सम्मुख आवश्यक रूप से उपस्थित होवें। **दिनांक 10.11.2025 से दिनांक 28.11.2025 <u>के निर्धारित कार्यक्रम के दौरान अपरिहार्य कारणों से यदि कोई अभ्यर्थी अनुपस्थित रहता है तो ऐसे अभ्यर्थी दिनांक 01.12.2025 को प्रातः 10:00 बजे पूर्व निर्धारित स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित अभ्यर्थियों को इसके अलावा अलग से कोई अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा। उक्त निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी का चयन निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी स्वयं की होगी। तिथि वार दस्तावेज सत्यापन हेतु अनन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के रोल नम्बर अनुसार सूची संलग्न है।</u>**



RajKaj Ref No.:
18572232
eSign DSC

**पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बिन्दुओं का विशेष रूप से ध्यान देवेंः–**

1. समस्त अभ्यर्थी पशुधन निरीक्षक सीधी भर्ती 2024 के लिये राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा दिनांक 11.12.2024 को जारी विज्ञापन संख्या 15/2024 एवं संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 12.02.2025 एवं 04.09.2025_का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लेवें।
2. अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म(Detailed Form Cum Scrutiny ) मय समस्त दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रति एवं जमा फीस की प्रति अपने साथ लावें।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, चरित्र, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल , सेवारत होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र, समस्त आवश्यक मूल दस्तावेज एवं प्रमाण–पत्र तथा स्वयं का पहचान पत्र एवं 02 नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो आदि आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. अभ्यर्थी अपना ई–आधार डाउनलोड कर जिसमे QR-Code अंकित हो की प्रति आवश्यक रूप से साथ लावें।
5. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रति (संलग्न परिशिष्ट में निर्धारित क्रमानुसार)संलग्न करें।
6. जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म(Detailed Form Cum Scrutiny ) नहीं भरा गया है, वे अभ्यर्थी राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की वेबसाईट से उक्त फॉर्म डाउनलोड कर प्रिंट लेकर उसमें समुचित प्रविष्टियां कर 100 रूपये के पोस्टल ऑर्डर(सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम पर) के साथ कारण सहित दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होवें।
7. **दस्तावेज सत्यापन में प्रयुक्त किये जाने वाले विभिन्न शपथ–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों का प्रारूप तथा अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश संलग्न है।**

**संलग्नः– 1. सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की सूची ।**
**2. विभिन्न शपथ–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों का प्रारूप।**
**3. अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश ।**

**(डॉ.आनन्द सेजरा)**
**निदेशक**

क्रमांक एफ.वी.9(1)(4)(19)स्था/ब/सं.ब./पशु.निरी./भर्ती/2024/12666–68 जयपुर, दिनांक 31.10.25

**प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उक्तानुसार सूचना बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करावे।
2. एसीपी, निदेशालय पशुपालन विभाग को भेजकर लेख है कि उक्त सूचना विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करवाएं।
3. रक्षित पंजिका

**निदेशक**

Signature Not Verified
Digitally Signed by ANAND SEJRA
Designation : Director
Date :31-10-2025 06:29:58



RajKaj Ref No.: 18572232
eSign DSC